>

Title: Need to run a direct train from Saharsa to Hatia in Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया) : पूर्व मध्य रेल हाजीपुर अंतर्गत गाड़ी संख्या 15281 कोशी एक्सप्रेस सहरसा से पटना तथा पटना में वहीं डिब्बा एवं इंजन पटना से गाड़ी संख्या 18625 पटना–हटिया एक्सप्रेस बनकर हटिया तक जाती है। गाड़ी संख्या बदल जाने से रेल यात्रियों विशेषकर चेयरकार में आरक्षित सीट पर सफर कर रहे यात्रियों को सहरसा से हटिया जाने के लिए दो बार आरक्षण लेना पड़ता है। एक सहरसा से पटना एवं उसी ट्रेन में जिसका नम्बर पटना में बदल जाता है, पटना से हटिया के लिए लेना पड़ता है, जिससे रेल यात्रियों को काफी परेशानी होती है और उसे अनावश्यक आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है।

अतः जनहित में रेल मंत्रालय, रेल यात्रियों की कठिनाइयों को देखते हुए गाड़ी संख्या 18625/18626 एवं गाड़ी संख्या 15281/15282 को मिलाकर नई गाड़ी संख्या करके सहरसा से हटिया के बीच चलाई जाए।